**पत्रांक–बि0क0च0आ0–प्र0–03 / परीक्षा–63 / 2023(खंड–II)**
**बिहार कर्मचारी चयन आयोग**
**पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14**

## आवश्यक सूचना

**विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या–02 / 2022,**
**पद– कार्यालय परिचारी**

ज्ञापांक–......3193/आ0                                                                                    पटना, दिनांक–22.07.2026

विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या–02 / 2022 के कार्यालय परिचारी की मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक–26.05.2026 (मंगलवार) को बापू परीक्षा परिसर, कुम्हरार, पटना में आयोजित की गयी। मुख्य परीक्षा के उपरांत आयोग के आवश्यक सूचना ज्ञापांक–2771 / आ0, दिनांक–25.06.2026 के आलोक में कुल 238 रिक्तियों के विरूद्ध 286 अभ्यर्थियों के प्रमाण–पत्रों की संवीक्षा दिनांक–14.07.2026 एवं 15.07.2026 को आयोजित की गई।

प्रमाण–पत्रों की संवीक्षा में अभ्यर्थियों की अनुपस्थिति एवं कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा विज्ञापन की शर्त्तों के आलोक में वांछित प्रमाण–पत्र समर्पित नहीं करने के कारण कुल 238 रिक्तियों के विरूद्ध वांछित संख्या में कोटिवार / श्रेणीवार योग्य अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हुये।

तदालोक में 55 अभ्यर्थियों को प्रमाण–पत्रों की संवीक्षा हेतु आमंत्रित किया जाता है, जिनके अनुक्रमांक मेधानुसार न होकर आरोही क्रम में बायें से दायें निम्नवत् है–

| **DATE : 30-07-2026 (THURSDAY)** | | | | | | | | | **REPORTING TIME : 10:00 AM** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22020018 | 22020022 | 22020025 | 22020034 | 22020051 | 22020070 | 22020073 | 22020135 | 22020193 | 22020205 |
| 22020246 | 22020253 | 22020257 | 22020291 | 22020293 | 22020307 | 22020317 | 22020335 | 22020366 | 22020376 |
| 22020381 | 22020408 | 22020426 | 22020429 | | | | | | **TOTAL - 24** |

| **DATE : 30-07-2026 (THURSDAY)** | | | | | | | | | **REPORTING TIME : 2:00 PM** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22020436 | 22020461 | 22020468 | 22020475 | 22020479 | 22020529 | 22020542 | 22020581 | 22020600 | 22020613 |
| 22020635 | 22020641 | 22020646 | 22020651 | 22020667 | 22020671 | 22020675 | 22020683 | 22020696 | 22020707 |
| 22020721 | 22020748 | 22020797 | 22020814 | 22020824 | 22020825 | 22020832 | 22020836 | 22020840 | 22020856 |
| 22020869 | | | | | | | | | **TOTAL - 31** |

प्रमाण–पत्रों की संवीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को औपबंधिक (Provisional) रूप से आमंत्रित किया जा रहा है, जिसमें अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन में दिये गए जन्मतिथि, लिंग, श्रेणी / कोटि, शैक्षणिक योग्यता इत्यादि से संबंधित प्रविष्टियों का मूल प्रमाण–पत्रों के साथ मिलान किया जाएगा। अभ्यर्थी सुनिश्चित हो लें कि वे विज्ञापन की शर्तों के आलोक में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता धारण करते हैं। प्रमाण–पत्रों की संवीक्षा के पश्चात कोटिवार रिक्ति के अनुरूप अंतिम परीक्षाफल प्रकाशित किया जाएगा।

प्रमाण–पत्रों की संवीक्षा में आमंत्रित अभ्यर्थियों का सर्वप्रथम IRIS & Facial Recognition/ बायोमेट्रिक मिलान प्रारंभिक परीक्षा एवं मुख्य परीक्षा में लिये गये IRIS & Facial Recognition/ बायोमेट्रिक डाटा से किया जाएगा। उक्त मिलान में सही पाये जाने के उपरांत ही अभ्यर्थियों के प्रमाण–पत्रों की संवीक्षा (Scrutiny) की जाएगी। IRIS & Facial Recognition/ बायोमेट्रिक मिलान में किसी भी तरह की विसंगति पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी के विरूद्ध विधिसम्मत यथोचित कार्रवाई करने के लिए आयोग स्वतंत्र होगा।

आयोग द्वारा निर्धारित विहित प्रपत्र–1 एवं प्रपत्र xviii B (BC/EBC कोटि के लिए) आयोग के वेबसाईट https://bssc.bihar.gov.in पर प्रदर्शित है। अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे प्रपत्र–1 एवं प्रपत्र xviii B आयोग के वेबसाईट से डाउनलोड कर लेंगे।

संबंधित अभ्यर्थियों को निर्देश दिया जाता है कि वे आयोग द्वारा निर्धारित विहित प्रपत्र–I में वांछित सूचना को भरकर निम्नांकित अभिलेखों / मूल प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति एवं तीन सेट स्वअभिप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर आयोग कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

| क्र0सं0 | प्रमाण पत्र |
|---|---|
| 01 | पूर्ण रूप से भरा हुआ एवं निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षरित तथा चिपका हुआ फोटोयुक्त प्रपत्र–1 |
| 02 | बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु निर्गत प्रवेश पत्र। |

| क्र0सं0 | प्रमाण पत्र |
|---|---|
| 03 | मैट्रिक उत्तीर्णता का मूल अंक–पत्र एवं प्रमाण पत्र। |
| 04 | निवास प्रमाण–पत्र |
| 05 | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र, जो वि0सं0–02/2022 हेतु आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि (31.10.2022) से पूर्व का निर्गत होना चाहिए। |
| 06 | पिछड़ा वर्ग तथा अत्यन्त पिछड़ा वर्ग श्रेणी के आरक्षित उम्मीदवारों के लिये राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत क्रीमिलेयर रहित प्रमाण–पत्र, जो वि0सं0–02/2022 हेतु आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि (31.10.2022) से पूर्व का निर्गत होना चाहिए, जिसमें जाति एवं आवासीय पता का उल्लेख हो। अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत ताँती/ततवा जाति के अभ्यर्थियों के लिए क्रीमिलेयर रहित प्रमाण–पत्र वि0सं0–02/2022 की मुख्य परीक्षा की आवेदन की अंतिम तिथि (31.01.2026) तक का मान्य होगा। |
| 07 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी के आरक्षित उम्मीदवारों के लिए राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र, जो वि0सं0–02/2022 हेतु आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि (31.10.2022) से पूर्व का निर्गत होना चाहिए, जिसमें जाति एवं आवासीय पता का उल्लेख हो। |
| 08 | दिव्यांगता संबंधी प्रमाण–पत्र। |
| 09 | स्वतंत्रता सेनानियों के पोता/पोती, नाती/नतीनी हेतु सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र। |
| 10 | फोटोयुक्त पहचान पत्र यथा–आधार कार्ड/वोटर आई0डी0 कार्ड/पेन कार्ड इत्यादि। |
| 11 | क्र0सं0–01 से 10 तक अंकित प्रमाण–पत्रों (जो लागू हो) के साथ तीन पासपोर्ट साईज रंगीन फोटोग्राफ (हाल का खीचा हुआ)। |

**नोटः–अभ्यर्थी द्वारा आवेदन समर्पित करते समय जो विवरण अंकित किया गया है, उसी विवरण के अनुरूप ही प्रमाण–पत्रों की संवीक्षा में मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। सभी वांछित प्रमाण–पत्र ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि तक ही निर्गत होना चाहिए।**

पिछड़ा एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31.10.2022 से एक वर्ष से अधिक पुराना अर्थात दिनांक–31.10.2021 से पूर्व का होने की स्थिति में, संबंधित अभ्यर्थी काउंसिलिंग के समय प्रपत्र xviii B में स्वघोषणा पत्र हस्ताक्षरित कर समर्पित करेंगे।

**अभ्यर्थियों को निर्देश दिया जाता है कि प्रमाण–पत्रों की संवीक्षा हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर आयोग कार्यालय उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होने पर किसी भी परिस्थिति में उन्हें प्रमाण–पत्रों की संवीक्षा हेतु दुबारा अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।**

**प्रमाण–पत्रों की संवीक्षा हेतु आमंत्रित किये गये अभ्यर्थियों के ऑनलाईन आवेदन में किये गये दावों का अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण–पत्रों के मिलान के पश्चात मेधाक्रमांक के अनुसार अंतिम परीक्षाफल प्रकाशित किया जायेगा। मात्र प्रमाण–पत्रों की संवीक्षा हेतु आमंत्रित किये जाने के आधार पर अभ्यर्थी भविष्य में नियुक्ति का दावा नहीं कर सकते हैं।**

**ज्ञातव्य हो कि जो अभ्यर्थी अनुशंसा हेतु योग्य पाये जायेंगे, उनके प्रमाण–पत्रों का सत्यापन नियुक्ति प्राधिकार के द्वारा किया जाएगा।**

अभ्यर्थियों को निर्देश दिया जाता है कि अद्यतन सूचना के लिए आयोग के वेबसाईट https://bssc.bihar.gov.in का सतत् अवलोकन करते रहेंगे।

सचिव
बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।